nwda.gov.in

चार नदियों की लिंक परियोजना वरदान

चंबल और मालवा अंचल के 13 जिलों को मिलेगा सिंचाई का लाभ

नवभारत न्यूज

भोपाल, 31 जनवरी. लगभग दो दशकों से लंबित पार्वती, कालीसिंध, चंबल और ईआरसीपी लिंक परियोजना अब मूर्त रूप ले सकेगी. इस परियोजना से चंबल और मालवा अंचल के 13 जिलों को सिंचाई का लाभ मिलेगा.

यह जानकारी जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने दी. उन्होंने माना कि प्रदेश के ड्राई बेल्ट वाले जिलों जैसे मुरैना, ग्वालियर, शिवपुरी, गुना, भिंड और श्योपुर में पानी की उपलब्धता बढ़ेगी, वही औद्योगिक बेल्ट वाले जिलों जैसे इंदौर, उज्जैन, धार, आगर-मालवा, शाजापुर, देवास और राजगढ़ के औद्योगीकरण को और बढ़ावा मिलेगा. इससे प्रदेश के मालवा और चंबल अंचल में लगभग 03 लाख हेक्टेयर का सिंचाई रकबा बढ़ेगा.

लिंक परियोजना के लिए किया एमओयू

सिलावट बुधवार को सीएम यादव से मंत्रालय में मुलाकात कर उक्त त्रिपक्षीय परियोजना के एमओयू पर मध्य प्रदेश, राजस्थान और केंद्र सरकार के हस्ताक्षर होने पर आभार व्यक्त किया. मध्य प्रदेश, राजस्थान और केंद्र सरकार के बीच श्रमशक्ति भवन स्थित जल शक्ति मंत्रालय के कार्यालय में संशोधित पार्वती, कालीसिंध, चंबल और ईआरसीपी लिंक परियोजना के त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए.